लापरवाही | रेलवे स्टेशन पर यात्री अपने आपको असुरक्षित कर रहा मेहसूस

# यात्रियों की सुरक्षा से मजाक, दिखावा बनी मशीनें



फुर्सत में बैठे जवान | सुरक्षा से खिलवाड़ | खाली पड़ी पूछताछ की कुर्सी

**जबलपुर, नवभारत।** विगत कुछ वर्षों से मुख्य रेलवे स्टेशन से आरम्भ होने वा यहां से होकर गुजरने वाली ट्रेनों की संख्या में भारी इज़ाफ़ा हुआ है। लेकिन बीते कुछ वर्षों में अगर यहां कुछ नहीं बदला तो, वो है यहां की सुरक्षा व्यवस्था। मालूम हो कि मुख्य स्टेशन पर बैग स्केनर मशीन लगी तो है, लेकिन सिर्फ दिखावे मात्र के लिए....! इसका उपयोग केवल 15 अगस्त और 26 जनवरी जैसे विशेष पर्वों के दौरान ही किया जाता है। इस लाचारी का फायदा यात्रीगण भी खूब उठाते है। वे मनचाहा सामान लेकर बेधड़क प्लेटफार्म पर एंट्री लेते है। मालूम हो कि पूर्व में रेलवे स्टेशन को कई प्रकार की धमकियां भी मिल चुकी है। लेकिन इस सब से अंजान रेल प्रशासन आज भी अपने यात्रियों का स्वागत बाहे फैलाकर कर रहा है।

### मेटल डिटेक्टर मशीन पड़ी लावारिस, पूछताछ की कुर्सी भी खाली

बता दे कि मुख्य रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की सुरक्षा के लिए बैग स्केनर और मेटल डिटेक्टर मशीन लगाई गई थी। नियम अनुसार इन मशीनों के पास आरपीएफ के जवानों को तैनात रहना चाहिए, लेकिन जवान मशीनों से दूर बैठकर आराम फरमा रहे थे। कायदे से स्टेशन पर यात्रियों का बैग स्कैन करने के बाद ही उन्हें प्लेटफार्म पर प्रवेश करने की अनुमति दी जानी चाहिए। यही नहीं सोमवार दोपहर मुख्य रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म क्रमांक 6 पर बने पूछताछ केंद्र की कुर्सियां खाली पड़ी हुई थी।

### फुर्सत में बैठे कर्मी, चला रहे मोबाइल

सोमवार दोपहर जब नवभारत द्वारा मुख्य रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म क्रमांक छह का जायजा लिया गया तो हालात चौंकाने वाले नजर आए....! प्लेटफार्म पर लगी मेटल डिटेक्टर मशीन के पास से अपनी ड्यूटी छोड़ ये आरपीएफ का जवान फुर्सत में बैठकर मोबाइल चलाते पाया गया। इससे स्टेशन पर मौजूद यात्रियों की सुरक्षा का अंदाजा लगाया जा सकता है। यात्री बिना चेकिंग कराए ही स्टेशन परिसर में प्रवेश कर रहे हैं।

### इनका कहना है



जबलपुर रेलवे स्टेशन देश के कुछ व्यस्तम रेलवे स्टेशनों में से एक है। इसकी सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता होनी चाहिए।

**रानू सोनी**



जबलपुर ही नहीं देश के सभी रेलवे स्टेशनों की सुरक्षा व्यवस्था एयरपोर्ट की तर्ज पर होनी चाहिए। इससे चूक होने की गुंजाइश कम हो जाएगी।

**फिरोज़ अंसारी**

रेलवे द्वारा समय समय पर सुरक्षा व्यवस्था का जायज़ा लिया जाता है। आरपीएफ के जवान स्टेशन पर मौजूद रहते है। मैं इसपर संबंधित अधिकारी से बात कर बताता हूं।

**हर्षित श्रीवास्तव, सीपीआरओ, पमरे**

# कर्मचारियों ने पार्षदों के साथ मिलकर गेट पर जड़ा ताला

**वेतन न मिलने से आक्रोशित कर्मचारियों का प्रदर्शन**

**सुहागी, रांझी जोन में सफाई व्यवस्था चौपट**



**नवभारत,जबलपुर।** सुहागी और रांझी के आक्रोशित सफाई कर्मचारियों ने सोमवार को क्षेत्रीय पार्षदों के साथ मिलकर नगर निगम मुख्यालय का घेराव करते हुए उग्र प्रदर्शन किया। इस दौरान कर्मचारियों के समूह ने नगर निगम मुख्यालय के गेट पर ताला जड़ दिया और वहीं बैठकर निगम प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

हंगामा की सूचना मिलने के बाद मौके पर निगम के जिम्मेदार अधिकारी मौके पर पहुंचे जिस दौरान कर्मचारियों ने उन्हें अपनी मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शनकारियों की मांगों में सफाई कर्मचारियों को 24 घंटे के अंदर भुगतान करने, सफाई कर्मचारियों को प्रतिमाह न्यूनतम मजदूरी की दर से भुगतान करने, ठप्प पड़ी सफाई व्यवस्था सुधारने, क्षेत्र में रूके हुए कार्य को शुरू करने, रांझी व सुहागी की उखड़ी सड़कों का पुनर्निर्माण करने, बंद पड़ी स्ट्रीट लाइटों में सुधार जल्द से जल्द करने की बात शामिल थीं।

### 4 माह से कर्मचारियों को नहीं मिला वेतन

इस मौके पर पार्षद रामकुमार यादव, लक्ष्मी लक्ष्मण गोंटिया, मथुरा प्रसाद चौधरी, कमलेश सिंह, पूर्व सरपंच राजेश यादव ने बताया कि रांझी व सुहागी जोन के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों में सफाई व्यवस्था पूरी तरह चौपट हो गई है न तो क्षेत्र की नालियां साफ हो रहीं हैं और न ही कचरा उठ रहा है आलम ये है कि चारों तरफ गंदगी परसी हुई है। इसकी मुख्य वजह सफाई कर्मचारियों को बीते 4 माह से वेतन भुगतान नहीं किया गया है इस कारण कर्मचारियों ने काम बंद कर दिया है। ऐसे में सफाई कर्मचारियों के सामने अब घर चलाने का संकट भी खड़ा हो गया है। पार्षदों का आरोप था कि रांझी एवं सुहागी क्षेत्र के निर्माण कार्य भी ठप्प हो चुके हैं। क्षेत्र की सड़कें उखड़ रही हैं, सड़कों पर स्ट्रीट लाईट भी बंद पड़ी हैं।



# स्मार्ट मीटर लगाने वाली अल्फनार-ईशा सॉफ्ट कंपनी का टेंडर हो निरस्त

**कांग्रेस ने दिया 72 घंटे का अल्टीमेटम**

**जबलपुर।** कांग्रेस के एक प्रतिनिधि मंडल ने स्मार्ट मीटर कंपनी कार्यालय पहुंचकर स्मार्ट मीटर के विषय में विरोध जताया। और साथ ही चेतावनी दी कि यदि 72 घंटे के भीतर स्मार्ट मीटर लगाने की कंपनी अल्फ़नार-ईशा सॉफ्ट का टेंडर निरस्त नहीं किया गया, तो कांग्रेस पार्टी स्मार्ट मीटर कंपनियों के कार्यालय का घेराव करेगी और इस पूरे मामले को लेकर माननीय न्यायालय में पिटीशन दाखिल करेगी।

इस संबंध में कांग्रेस अध्यक्ष सौरभ नाटी शर्मा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी न्यायालय में यह गवाही भी प्रस्तुत करेगी कि किस प्रकार यह ठेका दिया गया और क्यों महत्वपूर्ण दस्तावेज़ अब तक सार्वजनिक नहीं किए जा रहे हैं। इस गवाही में पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड के बड़े-बड़े अधिकारी और इन स्मार्ट मीटर कंपनियों से जुड़े अधिकारी,कर्मचारी भी शामिल होंगे।कांग्रेस के अनुसार अल्फानार मीटर डाटा मैनेजमेंट प्रोजेक्ट के अंतर्गत स्मार्ट मीटर लगाने का कार्य अल्फ़नार-ईशा सॉफ्ट कंपनी को सौंपा गया है जिसमें गंभीर अनियमितताएं सामने आ रहीं हैं।


### संचालित होगी भारत गौरव ट्रेन

**जबलपुर।** आध्यात्मिकता और सांस्कृतिक धरोहरों को एक साथ अनुभव करने की चाह रखने वालों के लिए भारतीय रेल एक सुनहरा अवसर लेकर आई है। आगामी 25 अक्टूबर से भारत गौरव पर्यटक ट्रेन चार ज्योतिर्लिंग और स्टैच्यू ऑफ यूनिटी यात्रा पर रवाना होगी। यह विशेष यात्रा नौ दिनों में श्रद्धालुओं को मध्यप्रदेश और गुजरात के प्रमुख तीर्थों व ऐतिहासिक स्थलों तक लेकर जाएगी।इस यात्रा की शुरुआत अमृतसर से होगी और यह जलंधर शहर, लुधियाना, चंडीगढ़, अम्बाला छावनी, कुरुक्षेत्र, करनाल, पानीपत, सोनीपत, दिल्ली छावनी और रेवाड़ी जैसे प्रमुख स्टेशनों से होकर श्रद्धालुओं को अपने पवित्र गंतव्यों तक पहुँचाएगी।

# डकैती कांड में निपटे बरेला टीआई, पुलिस अधीक्षक ने हटाया, भेजा पुलिस लाइन

**जबलपुर।** पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय ने विवादों में घिरे रहने वाले बरेला थाना प्रभारी विजय कुमार विश्वकर्मा को तत्काल प्रभाव से हटा दिया है। सूत्रों के मुताबिक बरेला थाने में एक डकैती की एफआईआर दर्ज हुई है उसमें भारी गड़बड़ी मिली है पुलिस विवेचना के दौरान ऐसे कोई तथ्य सामने नहीं आये है। इतने गंभीर अपराध की कायमी में जल्दबाजी के साथ अनियमित्ताएं बरतने के साथ बिना गंभीर से जांच पड़ताल किए एफआईआर दर्ज कर ली गई। जिसके चलते थाना प्रभारी पर विभागीय कार्रवाई की गाज गिरी है।

विदित हो कि बरेला थाने में कुनाल बर्मन 20 वर्ष निवासी अनगढ़ महावीर मंदिर के सामने गोरखपुर ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 27 अगस्त की रात लगभग 8 बजे



मामा राजकुमार बर्मन गोरखपुर वालों की बाइक क्रमांक एमपी 20 एनपी 9217 से गया था।2 बाइक वं 1 स्कूटी में 6 अज्ञात व्यक्ति खड़े थे जिन्होंने आवाज लगाकर बोले कि आपसे मदद चाहिये उसने बाइक रोकी तो एक व्यक्ति ने उसकी गाडी की चाबी निकाल ली डरा धमाकर जेब में रखा मोबाइल, नगदी 1500, मोटर सायकल भी लूट लिये सभी व्यक्ति मुंह में कपड़ा बांधे हुये थे। मामले में डकैती समेत अन्य धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज हुआ था।

**प्रकरण में खात्मा लगाने की तैयारी**-इस डकैती मामले में जब पुलिस ने जांच पड़ताल की तो पूरी कहानी झूठी समझ में आई। विवेचना के दौरान ऐसे कोई तथ्य नहीं मिले। एफआईआर दर्ज करने में गंभीर लापरवाही बरती गई। अब इस मामले में खात्मा रिपोर्ट तैयार करने की पुलिस तैयारी में है। बरेला थाना प्रभारी को हटाने और डकैती प्रकरण में खात्मा लगाने की जानकारी लेने के लिए जब पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय से संपर्क करने का प्रयास किया गया लेकिन उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया।

**तीन थाना प्रभारी हुए है इधर से उधर**- तीन थाना प्रभारियों को इधर से उधर किया गया है। बरेला थाना प्रभारी विजय कुमार विश्वकर्मा को हटाते हुए लाइन भेजा गया है।जबकि मझौली थाना प्रभारी जयप्रकाश द्विवेदी को भी पुलिस लाइन भेजा गया है। इसके अलावा निरीक्षक अनिल पटेल को पुलिस से बरेला थाने की कमान सौंपी गई है। गोसलपुर थाना प्रभारी राजेंद्र कुमार मर्सकोले को मझौली थाना प्रभारी बनाया गया है। पुलिस लाइन से निरीक्षक मज्जू शर्मा को गोसलपुर थाने की कमान सौंपी गई है।

### इनका कहना है

डकैती की रिपोर्ट दर्ज हुई थी विवेचना में डकैती होने जैसे कोई तथ्य नहीं मिले। एफआईआर की खात्मा रिपोर्ट बनाकर पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पेश होगी जिसके बाद खात्मा लगाने की प्रक्रिया आगे बढ़ेगी। बरेला थाना प्रभारी को किन कारणों से पुलिस लाइन भेजा गया है इसकी जानकारी नहीं है।

**आकांक्षा उपाध्याय, उप पुलिस अधीक्षक, ग्रामीण**

# सरकार फ्री शिक्षा, रोजगार मुहैया करायें : कांग्रेस

**जबलपुर ।** मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश उपाध्यक्ष (ओबीसी विभाग) पूर्व प्रदेश प्रवक्ता मध्य प्रदेश कांग्रेस टीकाराम कोष्टा ने कहा कि प्रदेश की मोहन सरकार छात्र, छात्राओं को लैपटॉप स्कूटी बाट कर वाहवाही लूटने के बजाय छात्र-छात्राओं को फ्री शिक्षा हेतु सरकारी स्कूल , कॉलेज में शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार करे।

कांग्रेस ने लोगों को शिक्षित बनाने जो सरकारी स्कूल बनाए थे भाजपा सरकार की दोषपूर्ण शिक्षा नीति के कारण प्रदेश के लगभग 29000 सरकारी स्कूल बंद होने की कगार पर आ गए हैं कांग्रेस ने मुख्यमंत्री के उस बयान पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि कांग्रेस छात्रों को पेन का ढक्कन भी नहीं बांटती थी और ना लैपटॉप मुक्त में देती थी कांग्रेस मुफ्त ढक्कन देने के बजाय मुफ्त शिक्षा हर वर्ग को मिले, सरकारी स्कूल के निर्माण कराए। वर्तमान सीएम ने जहां भी शिक्षा प्राप्त की होगी वह भी कांग्रेस के द्वारा बनाया सरकारी स्कूल रहा होगा कांग्रेस की यह सोच थी डॉक्टर इंजीनियर कम से कम खर्चे में बने आज वर्तमान सरकार ने शिक्षा का प्राइवेटिकरण कर शिक्षा को महंगा कर दिया है पहले डॉक्टर इंजीनियर हजारों रुपए में बन जाते थे आज लाखों रुपए खर्च हो रहे हैं।

कांग्रेस कमेटी के प्रदेश उपाध्यक्ष टीकाराम कोष्टा, पूर्व प्रदेश महासचिव रामदास यादव, प्रदेश कोऑर्डिनेटर अलीम मंसूरी, संजू ठाकुर, विजय अग्रवाल, राजेश पटेल, अशोक यादव, डा मोइन अंसारी, संजू शर्मा, पी पी पटेल, राजू तोमर, अस्सू खान, मामूर गुड्डू ,अशोक चौधरी, धर्मेंद्र कुशवाहा ,राजा खान ,अतुल जोसफ, अशोक चौधरी ,पवन नामदेव आदि ने सरकार से मांग की है कि शिक्षा का निजीकरण बंद हो, शिक्षा को सस्ता करें।

# हाईकोर्ट के आदेश पर 15 दिन में सुनाया उम्रकैद का फैसला

**पूर्व आदेश में त्रुटि पाकर नए सिरे से निर्णय लेने के दिए गए थे निर्देश**

**जबलपुर।** अपर सत्र न्यायाधीश इरशाद अहमद की अदालत ने हत्या के आरोपी जबलपुर निवासी धर्मेंद्र राठौर, मनीष तिवारी, अजीत तिवारी व भागवती बाई का दोष सिद्ध पाया। इसी के साथ चारों को उम्रकैद की सजा सुना दी। साथ ही 30-30 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया। विशेष बात यह रही कि यह फैसला हाईकोर्ट के आदेश के पालन में महज 15 दिन के भीतर सुना दिया गया। हाईकोर्ट के जस्टिस विवेक अग्रवाल व जस्टिस अवनींद्र कुमार सिंह की युगलपीठ ने अभियुक्त कथन में त्रुटि पाते हुए अपर सत्र न्यायाधीश राजेश नंदेश्वर के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई के निर्देश दे दिए थे।

इसके साथ ही 30 दिन के भीतर अभियुक्त परीक्षण लेखबद्ध कर नए सिरे से निर्णय लेने के निर्देश दे दिए थे। प्रभारी लोक अभियोजक अनिल तिवारी ने अभियोजन की ओर से पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि गढ़ा पुलिस ने 28 अप्रैलए 2014 को पिंटू उर्फ सुधीर जैन की हत्या के मामले में धर्मेंद्र राठौर, मनीष तिवारी, अजीत तिवारी व भागवती बाई के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध किया था। मृतक पिंटू का शव लक्ष्मीनारायण मंदिर, रमनगरा की झाडियों में मिला था। आरोपियों ने धारदार हथियार से हत्या के बाद जुर्म छिपाने की मंशा से शव को पेट्रोल डालकर जला दिया था। हत्या की वजह रंजिश थी। आरोपितों ने ट्रायल प्रक्रिया में गुमराह करने के लिए मनमाने कथन दर्ज कराए थे।

# सरेराह नशे में चूर युवक-युवतियों की झड़प, वीडियो वायरल

**जबलपुर।** ग्वारीघाट रोड पर सरेराह नशे में चूर युवक युवतियों के बीच झड़प हुई। जमकर हाथापाई हुई। काफी देर चले हाई वोल्टेज ड्रामे के बाद युवक और युवतियां लग्जरी कारों में बैठकर चले गए। युवक युवतियों के बीच में हुई झड़प का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है।

जानकारी के मुताबिक दो लग्जरी कारों से युवक और युवतियों की टोली ग्वारीघाट रोड पर सोमवार सुबह पहुंची थी जिनके बीच में किसी बात को लेकर विवाद हुआ इसके बाद दोनों ही पक्ष बीच रोड में



भी एक दूसरे के साथ हाथापाई पर उतारू हो गए। काफी देर चले उपद्रव के बाद दोनों कारों में बैठकर चले गए। युवक और युवती कहां के रहने वाले है इसका पता नहीं चल सका है। मामले की शिकायत थाने तक नहीं पहुंच पाई है।

# बलिदान दिवस के पूर्व सभी व्यवस्थाएं चाक-चौबंद रखी जाएं : निगमायुक्त

**वीर राजाओं के बलिदान दिवस पर होने वाले कार्यक्रम स्थलों का लिया जायजा**

**जबलपुर।** अमर वीर शहीद राजा शंकर शाह एवं कुंवर रघुनाथ शाह के बलिदान दिवस पर होने वाले कार्यक्रमों को लेकर निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने आयोजन स्थलों का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखी। मालगोदाम चौक पर स्थित प्रतिमा स्थल एवं बंदी गृह का भी



निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने किया निरीक्षण और पेयजल, सफाई, प्रकाश सहित अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। उन्होंने कार्यों की जानकारी लेते हुए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं दुरुस्त करने संबंधितों को निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि बलिदान दिवस के पूर्व सभी व्यवस्थाएं चाक-चौबंद रखी जाए। निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने कहा कि गोंडवाना साम्राज्य के वीर राजाओं का बलिदान दिवस भव्यता के साथ मनाया जाये। निरीक्षण के मौके पर समिति के किशोरी लाल भलावी, राजेन्द्र चौधरी, नेम सिंह मरकाम के साथ अधीक्षण यंत्री कमलेश श्रीवास्तव, कार्यालय अधीक्षक दिलीप दुबे, उद्यान के आलोक शुक्ला, संभागीय यंत्री संतोष पाण्डेय, वीरेन्द्र पाण्डेय, अभिषेक तिवारी एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी आदि उपस्थित रहे।

### फ्लाईओवर से उतरते ही बेकाबू हुई कार दुकान में घुसी

**जबलपुर।** मदनमहल-दमोहनाका फ्लाईओवर से उतरते समय एक कार अनियंत्रित होकर बेकाबू हो गई और दुकान में जाकर घुस गई। हादसे से मौके पर अफरा तफरी मच गई गनीमत रही किसी को चोट नहीं आई है। जानकारी के मुताबिक फ्लाईओवर के मदन महलमहल छोर से कार क्रमांक एमपी 09 सीपी 8590 सुबह चार बजे नीचे उतर रही थी इसी दौरान कार अचानक अनियंत्रित होकर दुकान की शटर को तोड़ते हुए अंदर घुस गई।

# जेल में बदमाश बेटा, पिता ने पीड़ित को धमकाया

**आरोपी बोला केश में दस हजार खर्च हो गए, बेरहमी से पीटा**

**जबलपुर।** गोहलपुर थाना अंतर्गत लेमागार्डन सरकारी स्कूल गेट के सामने जेल में बंद बदमाश के पिता ने पीड़ित को धमकाने हुए यह कहते हुए मारपीट कर दी कि केश में दस हजार रूपए खर्च हो गए है।

पुलिस के मुताबिक करन सेन 21 वर्ष निवासी घोड़ानक्कास मिलौनीगंज ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि मोटर पम्प की दुकान गोपाल सदन में काम करता है सोमवार को अपने साथी हर्षित श्रीवास के साथ सुभाषनगर गोहलपुर से वापस घर आ रहा था दोपहर लगभग 1-30 बजे लेमागार्डन सरकारी स्कूल गेट के सामने पहुंचे तभी चंडालभाटा निवासी सनोज मलिक मिला जो बोला कि तुमने मेरे लड़के सूर्या मलिक के खिलाफ ग्वारीघाट में रिपोर्ट लिखाये हो उक्त केश में 5-10 हजार रूपये खर्च हो गये हैं पैसे वापस करो, उसने पैसे देने से मना करने पर सनोज मलिक गाली गलौज करते हुये हाथ मुक्कों से मारपीट कर गाल एवं पीठ में चोट पहुँचा दी और धमकाते हुए भाग गया। विदित हो कि सूर्या मलिक ने अपने साथियों के साथ मारपीट की थी। जिसका वीडियो भी बनाया था और सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया था। जिसके बाद पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। अब पुलिस ने रिपोर्ट पर आरोपित पिता के खिलाफ भी प्रकरण दर्ज कर लिया है।

# जिसे बेटे की तरह माना वही निकला चोर, 6 लाख के जेवर समेत गिरफ्तार



**जबलपुर।** बेलबाग थाना अंतर्गत फूटाताल में एक घर में घुसकर सोने के गहने चोरी करने वाले आरोपी युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है जिसके कब्जे से चुराये हुये सोने के जेवर कीमती 6 लाख रूपये के जप्त किए गए। पकड़े गए आरोपी को पीड़िता बेटे की तरह मानती थी।

बेलबाग थाना प्रभारी राजकुमार खटीक ने बताया कि 14 सितम्बर को श्रीमति रत्ना मेश्राम 50 वर्ष निवासी छाया निवास फूटाताल बेलबाग ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 30 अगस्त को नागपुर इलाज के लिये परिवार के साथ गई थी, उसके परिवार के पहचान के एक व्यक्ति को घर की चाबी देकर गयी थी जो घर की देखरेख करते थे। 12 सितम्बर को नागपुर से वापस आई एवं दिनांक 13-9-25 को अपना सामान पेटी में चैक कर रही थी पेटी में सोने के 2 कंगन, 1 हार, 1 चेन गायब थे पेटी का कुंदा टूटा था कोई अज्ञात चोर उसके सोने के जेवर कीमती लगभग 6 लाख रूपये के चोरी कर ले गया है। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर पतासाजी शुरू की। घर के सामने रहने वाले युवक काब्य साहू जिसे श्रीमति रत्ना बेटे की तरह मानती थीं जो रत्ना मेश्राम के घर आता था। संदेह होने पर काब्य साहू पिता संजय साहू 19 वर्ष निवासी फूटाताल को अभिरक्षा में लेकर सघन पूछताछ की जिसने चोरी करना स्वीकार किया एवं चुराये हुये सोने के गहने अपने घर में छुपाकर रखना बताया। आरोपी की निशादेही पर चुराये हुये सोने के 2 कंगन, 1 हार, 1 चेन कीमती 6 लाख रूपये के जप्त करते हुये आरोपी की विधिवत गिरफ्तारी कर न्यायालय पेश किया जा रहा है।

उम्मीद | नगर निगम के कंप्यूटर ऑपरेटरों की उठने लगीं आवाजें, 2 माह से रूका हुआ है वेतन

# साहब, अब तो निगम का खजाना भी भर गया है...

**नवभारत,जबलपुर।** साहब... अब तो लोक अदालत में 7.15 करोड़ रुपए की वसूली भी नगर निगम में हो गई है, अब निगम का खजाना भी भर गया है.. अब हम लोगों का वेतन भुगतान कर दीजिए... ये बातें नगर निगम मुख्यालय के कंप्यूटर ऑपरेटर्स इन दिनों कहते हुए नजर आ रहे हैं। पत्रकारों से चर्चा के दौरान नगर निगम के कंप्यूटर ऑपरेटर्स ने कहा कि नगर निगम के लगभग सारे विभागों का काम उनके काम पर ही आधारित होता है और वे ईमानदारी से अपना काम करते हैं बावजूद उन्हीं का पिछले 2 माह से वेतन रूका हुआ है। जबकि लोक अदालत में हुई 7.15 करोड़ की राजस्व वसूली में सुबह 9 बजे से लेकर रात 1 बजे तक कैश





काउंटर पर सभी कंप्यूटर ऑपरेटरों ने काम किया था। ऐसे में कंप्यूटर ऑपरेटरों को बहुत सी आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बताया जा रहा है कि ऑडिट के बाद कंप्यूटर ऑपरेटरों का वेतन लेखा शाखा से रुका हुआ है।

### स्थाई कर्मचारियों को सिर्फ मिल रहा आश्वासन

जानकारी के अनुसार वेतन के लिए नगर निगम के आउट सोर्स कर्मचारियों के अलावा निगम के स्थाई कर्मचारियों को भी अभी तक एरियर्स की राशि का भुगतान नहीं हुआ है। जबकि कुछ माह पहले जिम्मेदारों द्वारा स्थाई कर्मचारियों को ये कहा गया था कि पांच किश्तों में एरियर्स का भुगतान उन्हें कर दिया जाएगा। लेकिन हकीकत में एक भी किश्त का भुगतान स्थाई कर्मचारियों को नहीं किया गया है जिससे उनमें आक्रोश पनप रहा है।

### अधिवक्ता को धमकाया, मारपीट

**जबलपुर।** गढ़ा थाना क्षेत्र में मां बेटे ने मिलकर अधिवक्ता को धमकाने के साथ मारपीट कर दी। पुलिस ने रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक शशांक विश्वकर्मा निवासी नमन विहार कालोनी धनवन्तरी नगर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह अधिक्ता है। अंचल साहू महादेव परिसर धनवंतरी नगर में रहता है जिससे उसकी जान पहचान है। दो दिन पहले अंचल साहू ने उसकी पत्नि दिव्या विश्वकर्मा के बारे में अशब्द बोले थे एवं अंचल साहू ने उसे त्रिपुरी चौक बुलाया तब वह त्रिपुरी चौक पहुंचा तो उसने बोला कि प्यासी मार्केट आ जाओ । प्यासी मार्केट के सामने मेन रोड पर पहुंचा रात करीबन 09.45 बजे अंचल साहू अपनी मां राजकुमारी साहू के साथ मिला तब उसने उसे बोला कि पत्नि के बारे में अशब्द क्यो बोले हो तो अंचल साहू एवं उसकी मां राजकुमारी ने उसके साथ मारपीट की।

# छह वार करते हुए युवक को लहूलुहान कर कार से अपहरण की कोशिश

**मुफ्त में ममोज देने मना किया तो पिता ने बेटों से करवाई वारदात**

**जबलपुर।** बरेला थाना अंतर्गत गौर तिराहे में बीती रात चायनीज दुकान में दुकानदार द्वारा मुफ्त में ममोज देने से मना करने पर बौखालाएं पिता ने अपने पुत्रों को बुला लिया और दुकान दार पर हमला करवाया बल्कि उसके अपहरण की कोशिश भी की गई। हमलावरों ने व्हील पाना से आधा दर्जन वार किए और इसके बाद युवक को कार की डिग्गी में जबरदस्ती बैठाकर उसके अपहरण की कोशिश की। हमले में लहूलुहान युवक के भाई आ गए तो आरोपित धमकाते हुए फरार हो गए है।

पुलिस के मुताबिक अमित उर्फ शुभम पटेल ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह उसकी ममोज चायनीज की दुकान गौर तिराहे पर है बीती रात्रि करीब 10:15 बजे दुकान पर बंटी ठाकुर आया और 100 की ममोज लिया। ममोज के पैसे मांगे तो बंटी ठाकुर ने बोला कि में ममोज के पैसे नही दूगाँ तेरी हिम्मत कैसे हुई पैसे मांगने की। गौर तिराहे पर दुकान लगाना है तो एक हजार रूपए देने होगे उसने विरोध किया तो फोन करके अपने लड़के सन्नी ठाकुर व निक्की को बुला लिया जिन्होंने उसके साथ मारपीट की। उसे दुकान से निकालकर सन्नी ठाकुर ने गाडी से व्हील पाना निकलकर सिर में दाहिने तरफ, कान के उपर व बाये तरफ सिर में मारा उसे गंभीर चोटें आ गई। इसके बाद तीन वार और किए जिससे उसके पैर, नाक में भी चोटें आ गई। इसी समय दुकान से उसका भाई विक्की व आनन्द आ गये है वे लोग अपनी कार ब्रेजा की डिक्की में उसे डालने की कोशिश किया विक्की व आनन्द यादव ने बीच बचाव किया तो वे लोग जान से मारने की धमकी देकर भाग गए।